# राजधानी में गणेश विसर्जन के लिए निकली भव्य झांकियां...





## श्रद्धा और उत्साह के साथ भक्तों ने दी गणपति बप्पा को विदाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी भोपाल में गणेशोत्सव के समापन अवसर पर गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन यात्रा निकाली गई। इस दौरान सड़कों पर आकर्षक झांकियां नजर आईं। बड़ी-बड़ी प्रतिमाओं के साथ श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। प्रशासन की निगरानी में विसर्जन की व्यवस्थाएं की गईं।

# मध्य प्रदेश में भारी बारिश से नदियां उफनीं, कई पुल डूबे



बरगी बांध के नौ गेट खुले, डिंडौरी में हाईवे पर आवागमन प्रभावित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश के डिंडौरी और उमरिया में पिछले तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नर्मदा सहित सहायक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। डिंडौरी में जोगी टिकरिया पुल डूबने से जबलपुर-अमरकंटक राष्ट्रीय राजमार्ग-45 पर पिछले सात घंटे से आवागमन प्रभावित है।

डिंडौरी के शहपुरा स्थित बिलगांव बांध के दो गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। उमरिया के संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र के जोहिला बांध के चार गेट दो-दो मीटर खोल दिए गए हैं। सतना, मैहर और उमरिया में विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर 26 सितंबर को सभी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

बरगी बांध में पानी की लगातार आवक को देखते हुए शुक्रवार को पांच गेट खोले गए थे। शनिवार को चार और गेट खोल दिए गए। अब कुल नौ गेटों से पानी छोड़ा जा रहा है। इसके कारण नर्मदा के घाटों पर जलस्तर वर्तमान स्तर से करीब छह से आठ फीट बढ़ गया है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पूर्वी मध्य प्रदेश में अगले 48 घंटे बारिश के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। गहरे अवदाब की तीव्रता कम होने के बावजूद इससे जुड़ी नमी के कारण बारिश का दौर जारी रह सकता है। लोगों को नदी-नालों, पुल-पुलियों और निचले इलाकों में अनावश्यक आवागमन से बचने की सलाह दी गई है।

प्रदेश में अब तक 880.5 मिलीमीटर यानी 34.7 इंच बारिश हुई है, जो सामान्य 36.9 इंच से 2.2 इंच कम है। मानसून की विदाई में अब पांच दिन शेष हैं।

## बुजुर्ग पर हथौड़ी से हमले के अगले दिन फिर वारदात, घर के ताले टूटे

**नप्र, भोपाल :** अवधपुरी की श्रीराम कॉलोनी में 71 वर्षीय मोहन चौधरी पर हथौड़ी से हमला कर लूट की कोशिश के एक दिन बाद शनिवार को उनके घर के ताले टूटे मिले। घटना के समय मोहन के परिजन उन्हें देखने एम्स गए हुए थे। घर लौटने पर मुख्य दरवाजे समेत अन्य जगहों के ताले टूटे मिले। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसीपी आदिति भावसार के अनुसार, मकान के ताले टूटे मिले हैं, लेकिन अभी घर से सामान चोरी होने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस मौके से साक्ष्य जुटा रही है और शनिवार की घटना को शुक्रवार की वारदात से जोड़कर भी जांच कर रही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि शुक्रवार को घर में घुसे बदमाश लूट की नीयत से आए थे। पुलिस ने केयरटेकर कमला को हिरासत में लिया था। पूछताछ में उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर लूट की साजिश रचने की बात बताई है। पुलिस उसके प्रेमी और अन्य संदिग्धों की तलाश कर रही है। शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे कमला मोहन की पत्नी को नहला रही थी। इसी दौरान दो बदमाश घर में दाखिल हुए। विरोध करने पर उन्होंने मोहन के सिर पर हथौड़ी से हमला कर दिया। गंभीर चोट के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया।

### शिवप्रकाश और खण्डेलवाल ने आंगन मिलन सेवा अभियान सहित कार्यक्रमों की समीक्षा की

# सेवा संकल्प अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में सेवा संकल्प अभियान को लेकर प्रदेश टोली, विभिन्न टोलियों और महिला कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। बैठक में अभियान के आगामी कार्यक्रमों को सामूहिक प्रयासों से सफल बनाने पर जोर दिया गया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की भूमिका

शिवप्रकाश ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि अंत्योदय की भावना को घर-घर पहुंचाने का माध्यम हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित आंगन मिलन सेवा अभियान में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान और बाल कल्याण योजनाओं का प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्ग तक पहुंचना पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यकर्ता आंगनबाड़ी के माध्यम से ऐसे परिवारों तक पहुंच बनाकर सरकारी योजनाओं और सेवा कार्यों की जानकारी घर-घर पहुंचाएं।

### योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर जोर

शिवप्रकाश ने कहा कि सेवा कार्यों का उद्देश्य केवल प्रचार करना नहीं है, लेकिन समाज को यह जानकारी होना भी आवश्यक है कि विभिन्न योजनाओं से लोगों के जीवन में क्या बदलाव आया है। उन्होंने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने की बात कही। उन्होंने महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी आंगनबाड़ी के माध्यम से परिवारों तक पहुंचाने पर जोर दिया। बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता को प्राथमिकता देने की आवश्यकता भी बताई।

### बूथ कार्यकर्ता संगठन की ताकत

हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को जाता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। प्रदेश टोली से लेकर जिला और बूथ स्तर की टोलियों से जुड़े कार्यकर्ताओं की मेहनत से अभियान सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से सरकार के कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पात्र परिवारों तक पहुंचाना भी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। बैठक में मंत्री राकेश सिंह, शैलेंद्र बरुआ, सुरेंद्र शर्मा, राहुल कोठारी, रामेश्वर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूजीसी के नए प्रावधानों के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** यूजीसी के वर्ष 2026 के नए प्रावधानों के विरोध में सवर्ण समाज ने शनिवार को भोपाल में आंदोलन की शुरुआत की। समाज की ओर से माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा से राजभवन तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकाला गया। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया।

प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी के नए प्रावधानों को वापस लेने, आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करने और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई से पहले जांच किए जाने की मांग की।

सवर्ण समाज के कृष्णा बुंदेला ने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में छोटे-छोटे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे, लेकिन राजधानी भोपाल से आंदोलन का औपचारिक आह्वान किया गया है।

- माता मंदिर से राजभवन तक पैदल मार्च
- दिल्ली कूच की दी चेतावनी

उन्होंने कहा कि यह आंदोलन दिल्ली जाने की शुरुआत है।

बुंदेला के अनुसार, 2012 के यूजीसी एक्ट में बदलाव कर वर्ष 2026 में लागू किए गए नए प्रावधानों से सवर्ण समाज के बच्चों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को आंदोलन के मैदान में उतरना पड़ा है। उन्होंने सरकार से ऐसे कानून नहीं बनाने की अपील की, जिनसे देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि आंदोलन को आगे दिल्ली तक ले जाने की तैयारी की जा रही है।

## स्वामित्व योजना में पटवारियों को मिली रजिस्ट्री की जिम्मेदारी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख हितग्राहियों की रजिस्ट्री कराने के लिए पटवारियों को पदीय अधिकारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। राज्य शासन ने पटवारियों के विरोध के बाद रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़े निर्देशों में संशोधन किया है।

संशोधित व्यवस्था के अनुसार अब पटवारी राज्य शासन की ओर से अधिकृत निष्पादक अधिकारी के रूप में रजिस्ट्री की कार्रवाई करेंगे। जिस भूमिस्वामी के नाम पर रजिस्ट्री होगी, वही क्रेता-विक्रेता पक्षकार के रूप में शामिल होगा। रजिस्ट्री से पहले भूमिस्वामी को घोषणा करनी होगी कि भूखंड पर कोई विवाद नहीं है, पहले कोई रजिस्ट्री नहीं हुई है और उसका अधिकार वर्तमान में मौजूद है। यदि पटवारी को भूखंड से जुड़ा विवाद, न्यायालय में लंबित प्रकरण, गिरवी रखी गई जमीन, लंबित नामांतरण, उत्तराधिकार विवाद, नाम या पहचान में विसंगति अथवा अन्य गड़बड़ी मिलती है तो वह रजिस्ट्री की प्रक्रिया रोक सकेगा। ऐसे मामलों का निराकरण मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार रजिस्ट्री के दौरान स्टांप और पंजीयन शुल्क की गणना संपदा प्रणाली के माध्यम से होगी और इसका खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। रजिस्ट्री के बाद पंजीयन की प्रक्रिया संबंधित पंजीयन अधिकारी द्वारा संपदा प्रणाली से पूरी की जाएगी। इसके लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को उप पंजीयक के अधिकार दिए गए हैं। पंजीयन अधिकारी स्वत्व विवाद का निर्णय नहीं करेगा, लेकिन पहचान और अन्य वैधानिक प्रक्रियाओं की जांच उसकी जिम्मेदारी होगी।

## प्रधान अर्बन लाइव परिसर में गणेशोत्सव का समापन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रधान अर्बन लाइव परिसर, ई-8 एक्सटेंशन में गणेशोत्सव का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। विसर्जन के दौरान पंडित बाबूलाल शर्मा ने हवन-पूजन संपन्न कराया। पूरे आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया।

## व्यापारियों ने भोपाल विकास योजना 2047 को बताया निवेश का अवसर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने भोपाल विकास योजना 2047 के प्रारूप का व्यापार और उद्योग के दृष्टिकोण से स्वागत किया है। चेंबर के निर्वाचित सचिव अजय देवनानी ने कहा कि करीब 30 वर्ष बाद सामने आई यह योजना भोपाल के व्यापार, उद्योग और निवेश के विस्तार की संभावनाएं बढ़ाती है।

उन्होंने बताया कि योजना में 1016.90 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 254 गांवों को शामिल किया गया है। अनुमानित आबादी 45 लाख रखी गई है। योजना में 51 किलोमीटर लंबे ग्रोथ कॉरिडोर का प्रस्ताव है, जो एयरपोर्ट, ईकेएआई सिटी, प्रस्तावित सीएमयू और लॉजिस्टिक्स हब को जोड़ेगा। कॉरिडोर के आसपास होटल, हॉस्पिटैलिटी, आईटी, एआई-डेटा सेंटर, थोक व्यापार, हाइपर मार्केट, मॉल और कॉर्पोरेट कार्यालय विकसित किए जा सकेंगे। देवनानी के अनुसार मिश्रित भूमि उपयोग, असीमित एफएआर, वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए भूमि, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, मल्टीलेवल पार्किंग और पुनर्विकास जैसे प्रावधान व्यापारियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हरित क्षेत्र को 27.01 प्रतिशत तक बढ़ाने, डिजिटल ट्विन सिटी, सीसीटीवी नेटवर्क और अन्य प्रावधान भी योजना की प्रमुख विशेषताएं हैं। बीसीसीआई जल्द ही प्रारूप पर अपने सुझाव भोपाल विकास प्राधिकरण को देगा।

## डॉ. यादव ने सावन बरवाल को दीं शुभकामनाएं

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-2026 की पुरुष मैराथन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाले एथलीट सावन बरवाल को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि सावन बरवाल की यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद गौरव का विषय है।

## मुख्यमंत्री ने ज्योति-जोत दिवस पर किया नमन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिख धर्म के तृतीय गुरु, सेवा, समानता और परोपकार की महान परंपरा के संवाहक गुरु अमरदास महाराज के ज्योति-जोत दिवस पर सादर नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव सेवा, सामाजिक समरसता और सद्भाव का अनुपम संदेश देता उनका जीवन हमें सदैव सेवा और परोपकार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।

## चौथी मंजिल से गिरकर युवक की मौत पत्नी पर धक्का देने का आरोप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भोपाल के हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित 12 नंबर मल्टी में शुक्रवार रात चौथी मंजिल से गिरने से 31 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रमोद ओसवाल पिता प्रकाश ओसवाल के रूप में हुई है। वह पुताई ठेकेदारी का काम करता था। परिजनों ने चरित्र शंका को लेकर पत्नी से हुए विवाद के बाद उसे बालकनी से धक्का दिए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रमोद के भाई प्रदीप के अनुसार, करीब नौ साल पहले प्रमोद ने अपने ही मोहल्ले की रहने वाली दुर्गा से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से दोनों के बीच चरित्र शंका को लेकर अक्सर विवाद होता था। शुक्रवार रात प्रमोद काम से लौटकर घर पहुंचा। परिजनों के अनुसार, उसने पत्नी को एक अन्य युवक के साथ देखा, जिसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

परिजनों का आरोप है कि विवाद के दौरान फ्लैट में मौजूद युवक और पत्नी ने मिलकर प्रमोद को चौथी मंजिल की बालकनी से नीचे धक्का दे दिया। नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय प्रमोद का आठ वर्षीय बेटा घर में मौजूद था और उसने पूरी घटना देखी। घटना के बाद पत्नी और उसके साथ मौजूद युवक मौके से फरार हो गए।

घटना के समय गणेश प्रतिमा विसर्जन के कारण इलाके में तेज आवाज में डीजे और ढोल बज रहे थे। परिजनों के मुताबिक, इसी शोर में चीख-पुकार दब गई। पुलिस के अनुसार, शव पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल की मॉर्चरी में रखा गया है। बच्चे और परिजनों के बयान लिए जाएंगे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## मुख्यमंत्री ने पितृ पक्ष पर पितृजनों को किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज (शनिवार) से प्रारंभ हो रहे पितृ पक्ष पर पूजनीय पितृजनों का पुण्य स्मरण कर सभी को नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि हमारे पितरों की स्मृतियां और उनके आदर्श सदैव हमारे संस्कारों में जीवंत हैं और हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

## बिस्तर में आग लगने से नवविवाहिता की मौत

भोपाल के बिलखिरिया थाना क्षेत्र के चार नंबर कोकता में गुरुवार रात बिस्तर में आग लगने से 23 वर्षीय नवविवाहिता पूजा अहिरवार गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पूजा पति अशोक अहिरवार के साथ चार नंबर कोकता में रहती थी। गुरुवार रात घर में अगरबत्ती से बिस्तर में आग लगने की बात सामने आई। आग की चपेट में आने से पूजा गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

**समारोह** | *जिज्ञासा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही विकसित भारत का निर्माण संभव*

## समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो विज्ञान और नवाचार : राकेश सिंह





**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि विज्ञान का वास्तविक उद्देश्य समाज की समस्याओं का समाधान करना और मानव जीवन को बेहतर बनाना है। विद्यार्थियों को केवल पुरस्कार या प्रमाण-पत्र के लिए नहीं, बल्कि वर्तमान चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान विकसित करने के उद्देश्य से नवाचार करना चाहिए। इन्हीं विद्यार्थियों में से भविष्य के डॉक्टर, वैज्ञानिक और राष्ट्र निर्माता तैयार होंगे।

मंत्री सिंह शनिवार को ज्ञान-विज्ञान भवन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित 'भोपाल विज्ञान मेले' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विज्ञान भारती और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों की वैज्ञानिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेले में विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडल केवल प्रदर्शन या पुरस्कार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वर्तमान समस्याओं के समाधान और भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्ति में उपयोगी हो सकते हैं।

मंत्री सिंह ने कहा कि भारत की ज्ञान-परंपरा और विज्ञान सदियों से साथ-साथ आगे बढ़े हैं। शून्य की खोज से लेकर गणित, खगोल और मौसम विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय मनीषियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कालिदास के 'मेघदूत' में मानसून की गति, प्रकृति और ऋतु परिवर्तन का सूक्ष्म वर्णन भारतीय चिंतन की वैज्ञानिक दृष्टि को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग में परियोजनाओं की समय-सीमा के वैज्ञानिक निर्धारण के लिए विभागीय अभियंताओं और भास्कराचार्य संस्थान के सहयोग से देश का अपनी तरह का पहला मॉड्यूल तैयार किया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से जिज्ञासा जीवित रखने, प्रश्न पूछने और प्रयोगों के माध्यम से समाज की चुनौतियों के समाधान खोजने का आह्वान किया।